


नवभारत
भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई, 2025


# जितना सुंदर झरना, उतनी ही खतरनाक है मिनी पचमढ़ी



## विदिशा के पास मिनी पचमढ़ी झरना बना सैलानियों का केंद्र, सुरक्षा इंतजाम नदारद

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 7 जुलाई,** हलाली डैम के पास स्थित छोटा पचमढ़ी के झरने एक बार फिर सैलानियों से गुलजार हो गई. विदिशा से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित यह प्राकृतिक जलप्रपात मानसून के मौसम में आकर्षण का केंद्र बन जाता है. हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां मौज-मस्ती और स्नान के लिए पहुंचते हैं. हालांकि, इस खूबसूरत झरने की एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि यहां हर वर्ष दुर्घटनाएं होती हैं. फिसलन भरी चट्टानें, गहराई का अंदाज़ा न होना और पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम न होना कई लोगों की जान ले चुका है. इसके बावजूद, न तो यहां प्रशासन की ओर से कोई स्थायी निगरानी की जाती है और न ही चेतावनी बोर्ड या जीवन रक्षक उपकरण लगाए गए हैं. स्थानीय लोगों और पर्यटकों का कहना है कि प्रशासन को यहां पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे भविष्य में हादसों को रोका जा सके. झरना जितना सुंदर है, उतना ही खतरनाक भी.जल भराव के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियां का सामना करना पड़ा लेकिन लोगों के घरों अंदर तक पानी नहीं पहुंच पाया. अगर बारिश आधा से 1 घंटे और तेज गति से होती तो स्थिति खराब हो सकती थी क्योंकि मूसलाधार बारिश होने के कारण पानी की निकासी पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती है. नालियां और नालों पर अतिक्रमण होने के कारण पानी की निकासी धीरे-धीरे हो पाती है. यही कारण है कि जल भराव की स्थिति बनती है. नगर पालिका को मुहिम चलाकर शासकीय नालों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाना चाहिए जिससे कि बारिश का पानी नाले के द्वारा शहर से बाहर निकल सके और लोगों को राहत मिल सके.

### मूसलाधार बारिश से भरा कई क्षेत्रों में पानी

रविवार रात 11 बजे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते रात में नगर के कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति निर्मित हुई. जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. इस दौरान निचले क्षेत्रों में जल भराव की समस्या के कारण सड़कों पर दो से तीन फीट पानी भर गया. वहीं सोमवार को भी दिनभर रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा. मौसम विभाग द्वारा विदिशा जिले में भारी बारिश की चेतावनी का अलर्ट जारी किया गया था जिसके चलते इसका असर भी देखने को मिला.रात में अचानक एकदम मूसलाधार बारिश होने के कारण कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई. इस दौरान वैशाली नगर और रीठा फाटक, कागदीपुरा, डंडापुरा सहित कई क्षेत्रों में जल भराव के कारण सड़कों पर दो से तीन फीट पानी भर गया था. जिस कारण से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा लोगों का कहना था कि पानी की निकासी न होने के कारण बार-बार शहर में जल भराव की समस्या निर्मित हो रही है.




### मौसम विभाग ने किया भारी बारिश का अलर्ट

रविवार रात से हुई मूसलाधार बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा. सोमवार को दिन में रुक-रुक कर बार-बार बारिश होती रही. जिसके कारण लोगों को आने-जाने में रेनकोट और छाते का सहारा लेना पड़ा. वहीं मौसम विभाग द्वारा सोमवार को लोगों को मैसेज जारी कर विदिशा सहित आसपास के जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. मैसेज में स्पष्ट रूप से अगले तीन-चार घंटे भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है. जिससे लोग सतर्क और सुरक्षित रह सके.

### रेलवे स्टेशन की छत से रिसता दिखाई दिया पानी

#### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुए निर्माण पर उठे कई सवाल

रविवार की रात 12 बजे के लगभग हुई तेज बारिश की वजह शहर में सभी जगह पर जल भराव की स्थिति देखी गई. वहीं विदिशा रेलवे स्टेशन पर भी अनोखा दृश्य देखने को मिला है.जहां यात्रियों को खड़े होने के स्थान शेड से कई जगह से पानी टपक रहा था. बिजली की लाइटों और पंखों के ऊपर से भी पानी तेजी से टपक रहा था. यात्री अपने आपको बचाने का प्रयास करते हुए यहां वहां भटकते दिखाई दिए.यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत विदिशा रेलवे स्टेशन पर करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य और कई नए कार्य भी किए गए थे, लेकिन उनका कोई सुधार कार्य दिखाई नहीं दे रहा है.टपकती हुए पानी ने निर्माण कार्यों की पोल खोलकर रख दी है.वहीं स्टेशन पर टपकते पानी के वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहे हैं. वहीं इस पूरे मामले को लेकर रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य कमलेश सेन ने लापरवाही बताते हुए मामले की शिकायत करते हुए जांच की मांग करने की बात कही है.



## एक नजर में

### मतदान केंद्रों पर मनाई डॉ. मुखर्जी की जयंती

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मतदान केंद्रों पर मनाई गई. चितावर, देवपुर एवं नगर मंडल के मतदान केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने एकत्रित होकर डॉ. मुखर्जी का स्मरण करते हुए उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए. संस्कार गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व तथा देश हित में उनके द्वारा किये गये कार्यों के बारे में बताया. इस दौरान भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं बूथ कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### तहसील कमेटी का गठन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तहसील अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने तहसील कमेटी की घोषणा की. जिसमें उपाध्यक्ष वाजिद खान एवं नफीस कुरैशी, महासचिव जाकिर खान, सचिव हामिद खान एवं मुदीर अहमद, सहसचिव मोहम्मद खालिद कुरैशी, मीडिया प्रभारी आशु खान बनाए गए.

### एडीपीओ सतीश गौतम की माताजी का निधन

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** सहायक लोक अभियोजक शासकीय अधिवक्ता सतीश गौतम की माता का गत दिवस उनके गृह ग्राम में निधन हो गया.अधिवक्ता संघ कुरवाई के द्वारा श्री गौतम की माताजी के निधन पर तहसील परिसर में शोकसभा आयोजित की गई.इस मौके पर सभी न्यायाधीश गण, अधिवक्तासंघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्तागण के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण करके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार जनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई.श्रद्धांजलि सभा के पश्चात अधिवक्तागण कार्य से विरत रहे.



## कुरवाई को हरा भरा करने पर्यावरण उत्थान समिति ने रौपे पौधे

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** पर्यावरण उत्थान समिति सेंट जूड स्कूल कुरवाई में कुरवाई पर्यावरण उत्थान समिति द्वारा पौधरोपण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. छात्रों ने नृत्य और नाटक के माध्यम से पेड़ों के महत्व का संदेश दिया और लोगों से अधिक पौधरोपण करने की अपील की.कार्यक्रम में सरपंच संजय राठौर इरफान काजी नगर पंचायत उपाध्यक्ष हसरुदीन पार्षद लालू पेंटर पार्षद प्रतिनिधि सोनू तिवारी श्रह्श्र बैजनाथ गुर्जर सहित कई अतिथि उपस्थित रहे. सभी ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार साझा किए.फादर फ्रीजो के नेतृत्व में बच्चों, अभिभावकों और अतिथियों ने स्कूल परिसर में पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया.फादर फ्रीजो ने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और हर साल पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया.कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पौधों की देखरेख और नियमित सिंचाई करने का संकल्प लिया.समिति ने बताया कि आगामी महीनों में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे ताकि कुरवाई को हराभरा और स्वच्छ बनाया जा सके.

## श्रद्धा, भक्ति की बारिश में भीगे महाप्रभु जगन्नाथ, अपने धाम हुए रवाना

### छप्पन भोग की प्रसादी पाकर बरसते पानी में धाम रवाना हुए महाप्रभु जगन्नाथ

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, अपने भगवान को धाम के लिए विदा करते हुए मंदिर के अंदर श्रद्धा और भक्ति भाव में डूबे भक्तों की आंखें जहाँ झज्जर बह रही थीं तो वही मंदिर के बाहर बरसते पानी में महाप्रभु अपने धाम रवाना होने के लिए रथ पर सवार हो रहे थे.**

गाजे बाजे के साथ विदाई की इस बेला में भक्त और भगवान प्रेम और श्रद्धा की बारिश में भीगते हुए दिखाई दिए. महाप्रभु जगन्नाथ सोमवार को भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर बरसते पानी में अपने निज धाम वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम के लिए विदा हुए. अपने धाम के लिए रवाना होने से पहले महाप्रभु जगन्नाथ ने भक्तों के साथ छप्पन भोग की प्रसादी ग्रहण की. मांगरोद की कीर्तन मंडली के साथ नाचते गाते हुए भक्तों ने अपने महाप्रभु को निज धाम के लिए विदा किया.मालूम हो कि रथ यात्रा महोत्सव में नगर भ्रमण के पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ पिछले 12 दिन से स्टेशन रोड़ स्थित अपनी मौसी के घर नौलखी मंदिर में विराजमान थे। उनकी अगवानी के उपलक्ष्य में मंदिर में जगन्नाथ भगवान की कथा, चैतन्य महाप्रभु के चरित्र अमृत कथा, प्रतिदिन भक्तों द्वारा छप्पन भोग सहित स्थानीय और बाहर से आए कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन के माध्यम से महाप्रभु को प्रसन्न किया जा रहा था। मंदिर में महाप्रभु की सेवा में आयोजित हो रहे उत्सव के चलते भक्ति से सराबोर आनंदित भक्तों को जगन्नाथपुरी जैसा दिव्य अनुभव मिल रहा था. सुबह से लेकर देर रात तक महाप्रभु के उत्सव में शामिल होने भक्तों की भीड़ मंदिर में दिखाई देती थी. मंदिर में प्रतिदिन 56 भोग के साथ भंडारा आयोजित हो रहा था जिसमें सैकड़ों भक्त प्रसादी ग्रहण करते थे. उत्सव के दौरान अपने महाप्रभु को रोज नित नए व्यंजनों को अर्पित करने का भाव और उत्साह इतना अधिक था कि मंदिर के सीताराम संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित हुए 56 भोग की प्रसादी में भक्तों द्वारा 221 व्यंजनों का भोग महाप्रभु को अर्पित किया गया.अपने धाम रवाना होने से पहले सोमवार को महाप्रभु ने अपने प्रिय भोग कड़ी भात के साथ 96 व्यंजनों की प्रसादी साधु संतों भक्तों के साथ ग्रहण की.



## मांगों को लेकर कोटवार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** तहसील पठारी की कोटवार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार अभिषेक पांडे को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में कोटवार संघ ने 11 मांगे रखीं.जिसमें मप्र के सभी 38000 कोटवारों को परमानेंट किया जावे. कोटवार पंचायत 2007 की घोषणा अनुसार म प्र के सभी 38000 कोटवारों को पात्रता परिक्षण कर सेवा/मालगुजार भूमि का स्वामित्व प्रदान किया जावे.

अभियान चलाकर सेवा भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जावे.राजस्व आयुक्त कार्यालय भोपाल द्वारा मा0 उच्च न्यायालय जबलपुर की अवमानना कर अबैध रूप से जारी भंडार कय नियम 2022 का पालन कर वर्दी कंय संबंधी आदेश निरस्त कर पूर्व की तरह बर्दी की राशि कोटवारों के बैंक खाते के माध्यम से भुगतान की जावे.उक्त आदेश निरस्त न होने तक दी जा रही घटिया एवं अनुपयोगी कोटवार वर्दी का बहिष्कार किया जावेगा.शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में तथा एक ग्राम में एक से अधिक कोटवार होने की स्थिति में कोटवार पद समाप्त करने संबंधी असंवैधानिक आदेश निरस्त किया जावे.कोटवार नियुक्ति में कोटवार परिवार के सदस्य को ही विना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के पटवारी प्रतिवेदन एवं थाना प्रभारी चरित्र प्रमाण पत्र के आधार पर कोटवार नियुक्ति के आदेश किया जावे. कोटवार नियुक्ति में ग्राम पंचायत ठहराव लेने का आदेश निरस्त किया जावे.राजनैतिक द्ववेश चुनावी रंजिश के लोगों द्वारा अकारण परेशान किया जाता है आदि मांगें शामिल थीं. इस दौरान कोटवार संघ अध्यक्ष हरि सिंह पवार, भागचंद्र, नरेंद्र, लोधी, मनोज,इंद्राज , हरि बाई, रामबाई,बाबूलाल, धर्मेंद्र,भारत, आदि कोटवार उपस्थित रहे.

## बरेंडा के पीड़ितों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को सुनाई व्यथा

### तहसील कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 7 जुलाई, बरेंडा गांव के पीड़ित परिवारों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से भोपाल जाते समय सड़क पर रोककर अपनी व्यथा सुनाई. सिरोंज-भोपाल रोड पर महामाई गेट के सामने पीड़ितों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से बताया और इस मुद्दे को प्रदेश स्तर पर उठाने की मांग की.**

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ितों की बात गंभीरता से सुनी और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया. उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में उच्च अधिकारियों से बात कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे. इससे पूर्व ग्राम बरेंडा के किसानों ने अपनी वर्षों पुरानी जमीन को बचाने के लिए सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया. इस दौरान नारेबाजी कर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया. ग्रामीणों का कहना था कि वह ग्राम बरेंडा में अहिरवार अनुसूचित समाज के व्यक्ति होकर भूमिहीन गरीब मजदूर व्यक्ति है. उनके पास लगभग 44-45 वर्षों से ग्राम बरेण्डा तहसील सिरोंज की अतिक्रमण भूमि कब्जा आधिपत्य में है. जिसपर फसल लाभ लेकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे. अहिरवार समाज के कई परिवार पिछले करीब 45 वर्षों से शासकीय भूमि पर खेती कर जीवनयापन कर रहे हैं. इस जमीन पर इनके कुटीर, शौचालय, ट्रांसफार्मर आदि हैं. हाल ही में प्रशासन ने सूचना दी कि यह जमीन वन विभाग को हस्तांतरित की जाएगी, ताकि टेम सिंचाई परियोजना में चली गई वन भूमि के बदले इसे दिया जा सके. ग्रामीणों का आरोप है कि यदि यह जमीन उनसे छीनी गई, तो उनके सामने जीवनयापन का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा. क्योंकि उनके पास अन्य कोई साधन नहीं है. किसानों ने मांग करते हुए कहा कि तत्काल कार्रवाई पर रोक लगाकर इस जमीन पर उन्हें विधिवत पट्टे दिए जाएं.




## बीएलओ नियुक्ति आदेश से मचा हड़कंप, कर्मचारियों को तुरंत कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा ,** शहर में हाल ही में एसडीएम द्वारा जारी आदेश ने शिक्षकों सहित शासकीय कर्मचारियों में हड़कंप मचा दिया है. मामला बीएलओ ब्लॉक लेवल ऑफिसरनियुक्तियों से जुड़ा हुआ है. 6 जुलाई को जारी आदेश में एसडीएम क्षितिज शर्मा ने निर्वाचन आयोग के नवीन दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बीएलओ पद की जिम्मेदारी संभालने और प्रशिक्षण में भाग लेने के निर्देश दिए हैं. एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि अब मतदाता सूची में जिस व्यक्ति का नाम जिस स्थान पर दर्ज है, उसी क्षेत्र का बीएलओ बनाया जाएगा. पूर्व में कर्मचारी को उसके कार्यस्थल के समीप ही बीएलओ नियुक्त किया जाता था. उन्होंने यह भी कहा, निर्वाचन से जुड़े कार्यों को लेकर कर्मचारी अनावश्यक डरते हैं.अधिकतर लोग कहते हैं कि किसी और को बीएलओ बना दो, लेकिन यह काम बेहद महत्वपूर्ण है और इससे बचा नहीं जा सकता. एसडीएम के अनुसार, फिलहाल कोई चुनाव नहीं है, लेकिन बीएलओ की नियुक्ति और प्रशिक्षण ज़रूरी है, क्योंकि समय-समय पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य होता है.

## महिला एवं बाल विकास की टीम ने 7 बच्चों को भिक्षावृत्ति व कचरा बीनते हुये किया रेस्क्यू

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जिले में 20 दिवसीय जागरूकता अभियान अंतर्गत भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का चिन्हाकन कर बच्चों तथा उनके परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु 1 जुलाई से 20 जुलाई तक कलेक्टर के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है. जिसमें भिक्षा वृत्ति अभिशाप है भिक्षा नहीं शिक्षा दें जैसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढा के मार्गदर्शन में सोमवार को बस स्टेण्ड पर टीम द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के 7 बच्चों को भिक्षावृत्ति करते पाया गया एवं 1 बच्चे को कचरा पन्नी बीनते हुये पाया गया. सभी 8 बच्चों का रेस्क्यू करते समस्त बच्चों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया. समिति द्वारा 3 बच्चों को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया, 4 बच्चों को शिशु गृह में रखा गया एवं 1 बच्चे को बरईपुरा बालक छात्रावास में रखा गया है.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के ठीक बाजू में बने सेवाघर आकर कृपया संपर्क करें

जल्द ही बजेगा
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
www.vikaspachori.in

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी नटेरन जिला विदिशा (म0प्र0)

प्रकरण कमांक /1/ अपील / 2025-2026 नटेरन दिनांक 4.7.2025
नारायणसिंह पुत्र हरीसिंह जाति मैना निवासी ग्राम चम्पाखेडी तहसील नटेरन जिला विदिशा (म.प्र.)---(अपीलांट)

बनाम

(1) गनेशराम पुत्र मुंशीलाल जाति मैना
(2) सियाबाई पुत्री हरिसिंह जाति मैना निवासीगण ग्राम चम्पाखेडी तहसील नटेरन जिला विदिशा (म.प्र.)
------------(रेस्पाडेन्टगण)

एतद्व द्वारा रेस्पाडेन्ट पक्ष को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलान्ट नारायणसिंह पुत्र हरीसिंह जाति मैना निवासी ग्राम चम्पाखेडी तहसील नटेरन जिला विदिशा (म.प्र.) के द्वारा न्यायालय तहसीलदार नटेरन के प्रकरण क्रमांक 55/अ-27/202-2024 में पारित आदेश दिनांक 28.12.2023 के विरूद्ध म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत की है। उक्त प्रकरण में दिनांक 14.7.2025 सुनवाई हेतु नियत है। अत: आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता सहित नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित हो अनुपस्थिति की दशा में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी ।
सूचना पत्र आज दिनांक 4.7.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से किया गया।

**( अजय प्रतापसिंह पटेल )**
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग नटेरन

लापरवाही | सड़कों पर जलभराव और कीचड़ का साम्राज्य, पेयजल पाइप लाइन व नाला निर्माण की लापरवाही उजागर

## सांची में झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने नगर का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है.नगर की अधिकतर सड़कें पानी से लबालब हैं और जगह-जगह बने गड्ढों ने राहगीरों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं.नालों के अधूरे निर्माण और सड़कों पर फैली मिट्टी ने कीचड़ का रूप लेकर स्थिति को और भी बदतर बना दिया है.

प्रशासन को हर वर्ष की तरह इस बार भी बारिश के साथ ही पेयजल पाइपलाइन फूटने और उसकी मरम्मत की याद आई है.बारिश से पहले शुरू हुए नाला निर्माण की धीमी रफ्तार और अधूरे काम ने जलभराव की समस्या को बढ़ाया है. मिट्टी हटाने के निर्देश तो दिए गए, लेकिन आधा-अधूरा काम लोगों के लिए आफत बन गया. नालियों के किनारे की मिट्टी अब दलदल का रूप ले चुकी है.नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए नगर परिषद सीएमओ को सख्त निर्देश दिए थे कि सड़कों से तुरंत मिट्टी हटाई जाए. निर्देश के बाद आनन-फानन में मिट्टी हटाने की खानापूर्ति तो हुई, लेकिन सही ढंग से सफाई न होने के कारण राहगीरों को अब भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

नाला निर्माण के पहले वाटर प्लांट कंपनी द्वारा घर-घर पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया था.लेकिन अब उसी पाइपलाइन के बार-बार फूटने से सवाल उठने लगे हैं.क्या गुणवत्ता के साथ कोई समझौता हुआ? बारिश के बीच अब फिर से जेसीबी मशीनें सड़कों की खुदाई में लगी हैं, जिससे और गड्ढे उभर आए हैं. यह काम बारिश पूर्व भी किया जा सकता था.वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष रेवाराम ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर कार्य में तेजी लाने की कोशिश की है.फिर भी सच्चाई यही है कि भारी बारिश ने नगर में विकास की पोल खोलकर रख दी है.

नगर के प्रमुख स्थान जैसे स्तूप रोड और अस्पताल परिसर में पानी भरना अब आम बात हो गई है.इसके साथ ही बसस्टैंड परिसर में ब्लॉक तो लगवा दिये गए परन्तु यह ब्लाक भी जगह जगह पानी में डूबे नजर आ रहे है जिससे यहां दुकानदारों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही हैं.सांची विशेष दर्जा प्राप्त एक विश्वविख्यात पर्यटन स्थल है, जहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं. लेकिन नगर की जर्जर और जलमग्न सड़कों से गुजरना न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि पर्यटकों के लिए भी त्रासदी बन चुका है.इससे सांची की पर्यटन छवि भी प्रभावित हो रही है.नगर की वर्तमान स्थिति यह सवाल उठाती है कि क्या हर बार बारिश आने के बाद ही प्रशासन जागेगा? क्या विकास कार्य केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगे. इस मामले में जब सीएमओ रामलाल कुशवाहा से फोन पर संपर्क करना चाहा तो हमेशा की तरह उन्होंने फोन उठाने की जहमत नहीं की.



## चाकू से हमला करने वाले को 5 साल की सजा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, चाकू से हमला करने वाले आरोपी को सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन द्वारा 5 वर्ष की सजा सुनाई है 10 मार्च 25 को दोपहर 2 बजे फरियादी हरनाथ कुशवाहा अपने पुत्र राहुल के साथ बस स्टैंड विदिशा पर लगे ठेला से तरबूज खरीदने पर से ठेला आरोपी अंशु अहिरवार से विवाद हो गया और अंशु अहिरवार ने जान से मारने की नियत से हरनाथ कुशवाहा को चाकू मार दिया. जिससे वह घायल होकर गिर गया.** हरनाथ कुशवाहा को उसका पुत्र राहुल कुशवाहा मेडिकल कॉलेज इलाज हेतु ले गया. मेडिकल कॉलेज विदिशा में हरनाथ कुशवाहा द्वारा घटना की देहाती नालसी आरोपी अंशु अहिरवार के विरुद्ध लेख कराई, जिसके आधार पर थाना कोतवाली विदिशा द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई. विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया.प्रकरण सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन के न्यायालय में विचरण हेतु अद्भुत हुआ. प्रकरण का विचारण किया गया. विचारण में शासकीय अधिवक्ता हिम्मत सिंह कुशवाहा द्वारा दस्तावेज, साक्ष्य व तथ्यों से घटना को प्रमाणित किया. घटना को प्रमाणित पाते हुए सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन द्वारा आरोपी अंशु अहिरवार को 5 वर्ष के कारावास और 2000 अर्थ दंड से दंडित किया गया.